JALAUN POLICE

दिनांक- 13.06.2026

थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 02 अभियुक्तगण को अवैध असलहा मय कारतूस व चोरी करने के उपकरण के गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13.06.2026 को थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए अभियुक्तगण 1. विनय शर्मा उर्फ सौरभ शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम लोहई थाना नदीगांव जिला जालौन 2. रिंकू शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम लोहई थाना नदीगांव जिला जालौन को एक अदद तमन्चा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी करने के उपकरण(सब्बल, कटर, प्लास इत्यादि) के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नदीगांव पर मु0अ0सं0 57/2026 धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. विनय शर्मा उर्फ सौरभ पुत्र कमलेश उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम लोहई थाना नदीगांव जिला जालौन
2. रिंकू शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम लोहई थाना नदीगांव जिला जालौन

अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
2. एक अदद लोहे का सब्बल
3. एक अदद लोहे का चाकू
4. एक अदद लोहे का कटर
5. एक अदद लोहे का प्लास

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 थाना नदीगांव मय टीम।